less than Rs. 5000 crores. The Government of India has initiated the process of disinvestment of FACT in spite of the fact that fertiliser is a core industry of India. The present proposal for privatisation of FACT will have to address the following issues that the farmers of South India will have no public sector company to cater to their needs. FACT is having natural asset, that is, land asset of around 2300 acres. The loss of this natural asset will be a big loss to the public exchequer. The Government of India is a guarantor for Rs. 400 crores OECF loan taken by FACT. If the Government of India is continuing to stand as a guarantor or writes off the loan, it is handing over public exchequer's money to private parties. If the Government of India can write off the loan now, FACT continue to exist as a profitable CPSU. The public sector protection rally at Ernakulam on 13th December, 2002 against privatisation has clearly demonstrated that the public does not want privatisatin of FACT.

Therefore, it is urged that the decision to privatise FACT may be reviewed and a high powered committee may be appointed to consider the revival and restructuring of FACT in public sector.

श्री सभापति: माननीय सदस्यगण, आपने देखा होगा कि आज 19 स्पेशल मेन्शन्स लिए गए है। केवल इसलिए लिए गए हैं कि कोई सदस्य यह न समझे कि इस हाउस में, इस सत्र में उसका किसी प्रकार का कोई कंट्रीब्यूशन नहीं रहा। आपको जानकारी है कि लेजिस्लेटिव बिजिनेस बहुत है इसलिए आपकी अनुमति से मैं कल कोई स्पेशल मेन्शन्स का प्रस्ताव स्वीकृत नहीं करूंगा।

GOVERNMENT BILL

The Control of National Highways (Land and Traffic) Bill, 2002

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to provide for control of land within the national Highways, right of way and traffic moving on the National Highways and also for removal of anauthorised occupation thereon, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

Mr. Chairman, sir, with your permission, I would just give a brief synopsis of the Bill. In our country, there is a virtual revolution going on in the road sector. This Government has undertaken to improve aout 14,0000

kms. of National highways, to provide money for improving the State Highways and also to provide connectivity to almost over one lakh villages in our country, under the Prime Minister's Garmeen Sadak Yojna. During the last few years since the Central Road Fund has come into being, and provision of funds for the National Highways Development Project, a tremendous amount of physical progress, on the ground, has already taken place.

In our country, we have 58,112 kms. of National Highways, out of the total road network of 33 lakh kms. on record. But, a large portion of the National Highways is under encroachment and unauthorised occupation, with the result that whenever we want to improve these roads, we face the problem of evictions, court cases, etc. Because of this, apart from excessive expenditure,even the timeframe goes completely out of gear. Therefore, it is being though that, at least, on the National Highways land, which are owned by the Central Government, we should make sure that encroachments do not take place in future; and if they do take place, then these are prevented and action taken. The existing encroachments on the National Highways are taken care of by certain organisations. Therefore, a Highway Administration is proposed to be set up under this Bill. Also, a Tribunal is proposed to be constituted under this Bill so that if there are any complaints with regard to actions on the part of the Highway Administration, the Tribunal can go into the complaints and take a decision.

With this background, I introduce the Bill. I request this august House to kindly consider and pass this Bill. Thank you.

The question was proposed.

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश): मान्यवर, सभापति महोदय, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का अवसर दिया है। हमारे मंत्री, मेजर जनरल खन्डूड़ी जी ने जो यह बिल पेश किया है, यह लोक सभा द्वारा 16 दिसम्बर, 2002 को पास कर दिया गया है। और आज हम इस सदन में इस पर विचार कर रहे हैं। माननीय सभापति महोदय, मेरा मत और मेरा मन है कि लोक सभा ने जिस तरह से इस बिल को पास करके भेज दिया है।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

उसी तरह से मुझे ऐसा आभास होता है, अनुमान होता है, मैं यह नहीं कहता कि उस सदन में इस पर क्या बहस हुई, न वह मेरे दायरे की बात नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि वहां जल्दबाजी में या हड़बड़ी में इस पर विचार कर लिया गया है और इसे पास कर दिया गया है। मेरा निश्चित मत है कि कालांतर में बहुत जल्द ही आपको इसमें कुछ नए हेरफेर करके, नई शक्तियां लाने के लिए वापस दोनों सदनों में आना पड़ेगा। इस बिल को लाने के पीछे सरकार की जो मंशा है, मुझे उस पर

कोई शक नहीं है। आपने एक अच्छी मनोइच्छा से इस बिल को पेश किया है। मैं आपको इसके लिए धन्यवाद भी देता हूं। वस्तुत: इस बिल की आवश्यकता हमें थोड़ा पहले भी थी क्योंकि आपने खुद अपनी टिप्पणी में बताया है कि कोर्टों में लोगों ने कई सारे मामले फंसा रखे हैं, मामले लटका देते हैं, फैसला होने नहीं देते हैं या फैसले हो नहीं पाते हैं। इस तरह से राजमार्गों के निर्माण और उनके रखरखाव में भी काफी फर्क आ जाता है। आपकी चिंता बिल्कुल सही चिंता है, देश की चिंता है, हम सब अपने आपको इससे जोड़ते हैं। मैं आपको इसके लिए धन्यवाद देता हूं। इस संबंध में एक निवेदन करना चाहूंगा, जैसाकि कल नरीमन जी ने किसी एक प्रसंग में इस सदन में कहा था कि यह जो आप उच्चाधिकार प्राप्त राजमार्ग प्रशासन की शक्तियों वाली अथारिटी बनाएंगे, समितियां बनाएंगे या आप जो कुछ भी निर्माण करने वाले हैं, जिनको शक्तियां देकर आप इस बिल के माध्यम से नियंत्रण, भूमि और यातायात से जुड़े हुए जिन सभी प्रावधानों को आप इसमें बनाएंगे, इसमें मुझे कल वाला डर वापस लग रहा है। इसमें आपने जो योग्यता रखी है, उसके लिए पहले ही लिख दिया है कि उच्च न्यायालय से कम योग्यता वाले व्यक्ति को इसका अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। इसमें नहीं लिया जाएगा। आपने इसमें लिखा है। इसमें आपका प्रावधान है। मुझे लगता है कि इस दिशा में आप कई रिटायर्ड जजों को इसमें कहीं न कहीं से वापस लाने की व्यवस्था करेंगे। उन्हें इन कमेटियों में रखेंगे। उनके व्यक्तित्व और अनुभव का उपयोग करेंगे। कहीं ऐसा न हो कि आपका मूल उद्देश्य ही इसमें घायल हो जाए। आपको किसी ऐसे सक्षम व्यक्ति को उसका अध्यक्ष बनाना चाहिए, किसी ऐसे सक्षम व्यक्ति को इसमें रखना चाहिए जो जल्दी से जल्दी इसके फैसले दे सके। जिससे किसी किस्म की लेट लतीफी न हो, देर न हो, इस पर आपको सोचना चाहिए।

मेरा दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न, जो मुझे दिखाई देता है, वह यह है कि आपने इसमें लिख दिया है कि यह संपूर्ण भारत पर लागू होगा। यह ठीक है लेकिन संपूर्ण भारत में सब आ जाते हैं। संपूर्ण भारत में हमारे कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जिन्हें द्वीपीय क्षेत्र माना जाता है। जैसे लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार, इधर जाएं तो दमन-दीव है। क्या आप इन द्वीपीय क्षेत्रों के लिए अलग से कोई व्यवस्था या प्राधिकरण बनाने कि लिए सोच रहे हैं जिससे इनके बारे में फैसले और जल्दी हो सकें। ये हमारे बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, इनके विकास पर आपको पूरा ध्यान देना पड़ेगा। आज भी हम देखते हैं कि लक्षद्वीप, अंडमान या जो अन्य द्वीपीय क्षेत्र हैं, जो टापुओं पर बसे हैं, हमारे देश के महत्वपूर्ण हिस्से हैं, इनके बगैर भारत अधूरा है। उन हिस्सों में हम इस गतिरोध को किस तरह से संचालित करेंगे, इस पर आपको एक स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए। यदि स्पष्ट निर्णय लेंगे तो मुझे विश्वास है कि आप नये सिरे से इस पर सोचकर कुछ लोगों को और नियुक्त करेंगे। आपने इसमें एक बात विशेष कही है, इसकी कंडिका 42 देखें। मैं हिंदी अनुवाद से बोल रहा हूं। इसमें आपने ग्राम पदाधिकारियों के कर्त्तव्य लिखे है। इसमें शिकायत करने के मामले को देखें। उपसभापति महोदया, यह एक बहुत महत्वपूर्ण मामला है। राजमार्ग कोई साधारण क्षेत्र नहीं होता है, बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र होता है। इसमें यदि वहीं किसी किस्म की एन्क्रोचमेंट या किसी किस्म की कोई गड़बड़ हो तो आपने अध्याय 42 में लिखा है। मैं आपको इसे पढ़कर सुनाता हूं जिससे आपको सुविधा हो जाएगी कि मैं क्या कहना

चाहता हूं। मेरा ऐसा पक्का विश्वास है कि आपको इस पर भी नए सिरे से सोचना पड़ेगा। यदि आपने नहीं सोचा तो आपका लक्ष्य तो अच्छा है लेकिन इसके बगैर वह पूरा नहीं हो सकेगा। आप कंडिका 42 देखें, मैं पढकर सुनाने की कोशिश करता हूं ताकि आप इसे देख सकें। यह पृष्ठ 16 पर है। आपने इसमें लिखा है कि ये-ये लोग ऐसे हैं जिन्हें कोई व्यक्ति कर्त्तव्य पालन के बारे में, आपने इसमें दिया है, उन्हें अधिकृत करने की कोशिश की है कि "जब कभी कोई ग्राम प्रधान, ग्राम लेखापाल, ग्राम चौकीदार या अन्य ग्राम पदाधिकारी को, चाहे वह किसी भी नाम से ज्ञात हो, राजमार्ग भूमि के अप्राधिकृत अधिभोग, नुकसान या नष्ट किए जाने का अंतर्वलित करने वाले किसी अपराध के संबंध में जानकारी मिलती है तो वह तुरंत निकटतम पुलिस थाने या निकटतम राजमार्ग प्रशासन या ऐसे प्रशासन द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी को ऐसे अपराध के लिए जाने के बारे में सूचित करेगा और वह उक्त अपराध के अपराधी के अभियोजन में, राजमार्ग प्रशासन और उसके अधिकारियों की सहायता करने के लिए भी कर्त्तव्यबद्ध होगा। उपसभापति महोदया, मैं स्पष्ट इस मामले में एक आशंका से आशंकित हूं इसलिए आपके सामने कहना चाहता हूं कि माननीय मंत्री महोदय, जिन पदों का आपने इसमें उल्लेख किया है, ये सब लोग उन्हीं गांवों में रहते हैं और अतिक्रमण करने वाले या दुरुपयोग करने वाले भी प्राय: उन्हीं गांवों और आस-पास के गांवों के लोग होते हैं। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना या दुरुपयोग करना किसी छोटे, दुर्बल या गरीब आदमी के बूते के बाहर की बात है। बहुत सक्षम, बाहुबली किस्म के लोग और धन-बल वाले लोग ही करते है। जरिए वाले लोग ही करते हैं। मेरा स्पष्ट मत है कि आपकी यह कंडिका सफल नहीं हो सकेगी। इसमें आपको और कई दूसरे लोगों को जोड़ना चाहिए वरना ये शिकायतें करेंगे ही नहीं। क्या पास का पुलिस स्टेशन इतना अन्धा है कि उसे दिखाई नहीं पड़ रहा है कि क्या हो रहा है। लेकिन यदि आप उनको शामिल करना चाहते हैं तो मैं यह जरूर आपको सलाह दूंगा और मेरा यह सुझाव होगा कि आप इसमें जनप्रतिनिधियों को जरूर शामिल करिए। जो भी वहां चुना हुआ जनप्रतिनिधि हो उसको भी आप शामिल करिए, वरना ये कंप्लेंट्स होंगी ही नहीं या इतनी लचर होंगी कि आप कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

एक माननीय सदस्य: ये ही तो कराते हैं।

श्री बालकवि बैरागी: अतिक्रमण तो ये ही करवाते हैं...(**व्यवधान**)

इसलिए आप कृपा करके इस कंडिका पर पुनर्विचार करें। दूसरा एक विशेष निवेदन जो मुझे करना है, मैं पहले भी इस सदन में एकाध बार इसका उल्लेख कर चुका हूं, निवेदन कर चुका हूं, कि उत्तर पूर्व के सीमांत क्षेत्रों में या हमारे जो सीमांत क्षेत्र है, जहां से मंत्री महोदय आप स्वयं आते है, उनके बारे में भी आपको कुछ न कुछ स्पष्ट निर्धारण करना चाहिए। वहां हमारे अर्धसैनिक बल सीमा सड़कें बनाते हैं। हम देखते हैं कि वे वहां पर बहुत अच्छा काम करते है। उनके रख-रखाव के बारे में या उनके बारे में जैसा भी कुछ हो- इस प्राधिकरण को आपको अधिकृत करना चाहिए। क्या उनको ट्रांसफर करेंगे या क्या करेंगे, यह इसमें स्पष्ट नहीं है। इसलिए मैंने आपसे पूछने की कोशिश की। हमारे सारे क्षेत्रों में हमारे अर्धसैनिक बल सड़कें बनाते हैं। वहां उनके बोर्ड लगे हुए हैं। वे बहुत

अच्छा काम करते हैं। ऐसा नहीं है कि नहीं करते हैं। इस बारे में आपको कुछ न कुछ फिर से पुनरावलोकन करना चाहिए। उनकी सेवाओं का सम्मान करना चाहिए। रखवाली भी वे करते हैं, यह भी हमने देखा है।

दूसरा, मैंने बार-बार आपसे कहा कि यह बीओटी का जो चक्कर अपने देश में चलता है, काम तो करते हैं ये लोग लेकिन इतना अस्थायी करते हैं कि उनके जाते ही वे सड़कें वापस अस्त-व्यस्त हो जाती हैं। इस बात का सबको अनुभव है। सारे सदन के सभी लोगों को अनुभव है। वे बनाते हैं लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता कि वे एग्रीमेंट के मुताबिक बनाते हैं या दूरदृष्टितापूर्वक बनाते हैं। उनका शुद्ध आधार जो होता है वह केवल यह होता है कि जितना हो सके सरकार से पैसे प्राप्त करो। उनके टोल टैक्स के या तम्बू के उखड़ते ही सडकें भी उखडने लग जाती हैं। इस दिशा में राज्य सरकारों से या अपने अधिकारियों से मिलकर आपको कुछ न कुछ बातचीत करनी चाहिए।

दूसरा, बहुत ज्यादा झगड़े होते हैं। आप मानें या नहीं मानें। उपसभापति महोदया, मैं मंत्री जी से अपने अनुभव के आधार पर कहता हूं कि यदि आपने इन टोल टैक्स, नाके वालों या बीओटी वालों के लिए कोई पूरी देशव्यापी यूनिफार्मिटी कंपलसरी नहीं की तो वहीं पर रोज झगड़े होते रहेंगे। लठैत होते हैं। वहां पर कितने क्रिमिनल केसेज बन जाते हैं। उनको यूनिफार्मिटी देने की तजवीज करिए। हर ठेकेदार का अपना एक अलग सिलसिला है। उनकी सेलरी का सवाल ही नहीं पैदा होता है। उनको 500 या 600 रुपए देकर ही वे लोग रख लेते हैं। 500 या 600 रुपए में वे घर तो नहीं चला सकते। इसलिए वहां पर यातायात को अवरुद्ध करके, यातायात को रोके रखकर या किसी और तरह से पैसे की वसूली करेंगे। यही उनका लक्ष्य हो जाता है। इस पर भी आपको थोड़ा सा सोचना चाहिए।

राजमार्गों पर जितने पैट्रोल पंप आप अलाट करते हैं - आप तो नहीं करते हैं, वह तो दूसरा विभाग करता है, आपके बिल्कुल पास में बैठे हुए श्रीमान् एलाट करते हैं - उपसभापति महोदया, मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करना चाहता हूं, बहुत पहले डा. कर्ण सिंह जी के वक्त में हम लोगों ने कोशिश की थी, जब वे टूरिज्म मिनिस्टर थे, उस वक्त मैं मध्य प्रदेश में टूरिज्म मंत्रालय के कामकाज के मंत्री के नाते उसको देखता था, तो जितने पैट्रोल पंप आप दे रहे हैं उन पैट्रोल पंपों में मोटल की व्यवस्था आपको जरूर करनी चाहिए। यदि आप उनमें मोटल कंपलसरी नहीं करेंगे तो वहां आने जाने वालों को बहुत कठिनाइयां होती हैं, बहुत दिक्कतें होती है। जब आप राजमार्गों पर पैट्रोल पंप अलाट करें तो उसमें मोटल का प्रावधान आपको जरूर डाल देना चाहिए, यह उन मंत्री जी से और आपसे, दोनों से मैं प्रार्थना करता हूं।

उपसभापति: साथ-साथ बैठे है।

श्री बालकवि बैरागी: इसलिए प्रार्थना करता हूं।

उपसभापति: अगर हर जगह मोटल नहीं बना सकते हैं। तो कम से कम ईटिंग हाउसेज तो बनाने चाहिए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री राम नाईक) : ढाबा बनायेंगे।

उपसभापति: ढाबा क्यों, कुछ अच्छा बनाइये। ...(**व्यवधान**)

श्री बालकवि बैरागी: आप कुछ न कुछ जरूर करें।...(**व्यवधान**)

उपसभापति: वह मोटल बोल रहे हैं और आप ढाबे पर उतर आए।

श्री राम नाइक: क्योंकि वहां पर भी जो खाना होता है वह बहुत अच्छा होता है और लोग वहीं ज्यादा जाते हैं।

उपसभापति: साफ-सफाई भी होनी चाहिए। फॉरेनर्ज़ भी आते हैं, इंडियन भी जाते हैं, इसलिए आप ऐसा बनायें जो कि अच्छा लगे।

श्री बालकवि बैरागी: उसके लिए कुछ करना चाहिए। दूर-दूर से लोग आते हैं और बहुत लंबी मुसाफिरी कर-कर के लोग वहां रुकने की कोशिश करते हैं। तो उन ड्राइवरों की और उन लोगों की जो ट्रकों में आते हैं या दूसरे मुसाफिर होते हैं उनके लिए मोटल्ज की व्यवस्था आप करें। इतना प्रावधान अवश्य आपको इसमें करना चाहिए। मंत्रालयों से कोआर्डिनेट करके आप इसको कर सकते हैं।

राजमार्गों पर पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था सब से कमजोर दिखायी पडती है। वहां पर पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होती है। आजकल राजमार्गों पर इतने ज्यादा अपराध होने लगे हैं कि जिन पर हम सबको चिंतित होना पडता है। पेट्रोल पंप लूट लिए जाते हैं, मुसाफिरों को लूट लिया जाता है, ड्राइवरों, कंडक्टरों को उतार दिया जाता है, न मालूम क्या-क्या अपराध वहां पर किए जाने लगे हैं। इस दिशा में भी आपको कुछ करना चाहिए। इस कानून में तो कोई ऐसा सिलसिला ही नहीं है। इसलिए उपसभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करना चाहता हूं कि पुलिस पेट्रोलिंग के बारे में ध्यान रखा जाए। विदेशों में तो हम लोगों ने देखा है, पता नहीं हम उसमें कितनी तरक्की कर पायेंगे, परन्तु विदेशों में घूमते हुए हमने देखा है कि पांच या सात मिनट के अंतराल पर पुलिस पेट्रोल की गाड़ी किसी भी राजमार्ग पर मिल जाती है। कहीं-कहीं यह फ्रीक्वेंसी तो और भी कम है। लेकिन पांच या सात मिनट तो हो ही जाते हैं। हमारे यहां अभी इतनी फ्रीक्वेंसी नहीं हैं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था आपको करवानी चाहिए। दूसरा आपने एक अच्छा काम किया है जो कि इसके पृष्ठ 5 पर अध्याय 16 है। सिविल प्रोसीजर कोड को इसमें आपने लागू कर दिया है। साक्ष्य या दस्तावेजों में तो यह अच्छा प्रावधान है। पर जो लोग इसका फैसला करें उनसे विशेष प्रार्थना करनी चाहिए क्योंकि आज हमारे देश की विभिन्न अदालतों में बहुत से केस पैंडिंग चल रहे है। कहीं ऐसा न हो कि यह पेंडेंसी इनमें भी घुस जाए और यह छूत की बीमारी इनको भी ले बैठे। वरना आपका यह सारा अभीष्ट नष्ट हो जाएगा। यह जो सिविल प्रोसीजर कोड आपने इसमें लागू कर दिया है इसके लिए तो आपको बहुत-बहुत धन्यवाद, ताकि कम से कम न्याय होने की प्रक्रिया तो पूरी हो सके। आपने यह बहुत अच्छा काम किया है। दूसरा मेरा आपसे एक और सुझाव है कि इस नेचर के जितने भी प्रकरण राजमार्गों से जुड़े हुए हैं, जितने प्रकरण विभिन्न न्यायालयों में अटके

पडे हैं, उनकी गिनती करवा करके इन प्राधिकरणों को ट्रांसफर करवा लीजिएगा, आप अपने अंतर्गत ले लीजिएगा और कोई रास्ता निकालिएगा। इस सदन में इतने बड़े-बड़े विधि-विशेषज्ञ बैठे हुए हैं। इनकी सहायता आपको मिल सकती है। उन सारे मामलों को आप अपने पास ले करके जल्दी से जल्दी आप इनका निराकरण करवा लें।

1.00 P.M.

उपसभापति महोदया, दूसरा मेरा और इनका बहुत ही व्यक्तिगत मामला है। यह बद्रीनाथ-केदारनाथ वाले रास्तों को अधिक से अधिक गति से पूरा करवाइये। आपने खुद भी देखा होगा कि इस बार जितने यात्री बद्रीनाथ को, गंगोत्री को मिले, उतने केदारनाथ को नहीं मिले। वहां पांच लाख थे और यहां एक ही लाख थे, क्योंकि सड़कें नहीं थीं। वरना लोग तो जाना चाहते हैं। इसलिए उसको जल्दी करवा दीजिएगा। लाखों लोग वहां पर अटक जाते हैं, फंस जाते हैं। वे आपसे भी उम्मीद करते हैं। सरकार से भी उम्मीद करते हैं तथा हम लोगों से भी उम्मीद करते हैं। मैंने इस बारे में आपको थोड़ा सा परेशान भी किया है और आपने ध्यान दिया, उसके लिए धन्यवाद। इसके बाद पृष्ठ 7 पर अध्याय 20 है। इसमें अधिकारियों की नियुक्ति आप कर रहे हैं। इन अधिकारियों की नियुक्ति में आप जन प्रतिनिधियों का समावेश किस तरह से कर सकेंगे, अगर नहीं कर सकेंगे तो क्यों नहीं कर सकेंगे, इस बारे में थोड़ा आपको जरूर निर्णय लेना चाहिए। यदि जन प्रतिनिधियों को आप इस अभियान में शामिल नहीं करेंगे तो राष्ट्रीय राजमार्गों का आपका जो यह संकल्प है इसे पूरा होने में बहुत विलम्ब हो जायेगा। सिर्फ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के भरोसे आप इतना बड़ा अभियान पूरा नहीं कर सकेंगे। इसमें आपको जनता के प्रतिनिधियों को शामिल करना पड़ेगा। मैं मध्य प्रदेश के बारे में आप से विशेष निवेदन करूंगा। महोदया, मुश्किल से मैं एक डेढ़ मिनट और लूंगा। वैसे उपसभापति महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे ज्यादा समय दिया। मध्य प्रदेश में कच्ची-पक्की, छोटी-बड़ी, आपके दायरे की, हमारे दायरे की 67,000 किलोमीटर की सड़कें बाकी हैं। मैं उनको राज-मार्ग नहीं कहता क्योंकि उसमें पंचायत के रास्ते भी हैं, हमारी सड़कें भी हैं आपकी सड़के भी हैं और देश की सड़कें भी हैं। मैं चाहूंगा कि आप इस संबंध में हमारे मुख्यमंत्री व हमारे और मंत्री मित्रों को बुलाएं और बैठकर उनके साथ बात कर लें। महोदया, अगर सड़कों के मामले में मध्य प्रदेश स्वस्थ्य है तो फिर पूरे देश को जोड़ने में आपको सहायता होगी और अगर मध्य प्रदेश बीमार होगा तो आप सीमाओं तक तो प्रसन्न रहेंगे, फिर कहेंगे कि आ गए मध्य प्रदेश में और तब इस में हमारा कोई कुसूर नहीं होगा। मेरी प्रार्थना है कि आप इस कार्य को भी जल्दी-से-जल्दी पूरा करवाएं।

महोदया अंत में एक चीज और निवेदन करूंगा जो कि बहुत महत्वपूर्ण है। आपने इस बिल के पृष्ठ 12, अध्याय 30 की कंडिका नंबर 2 में प्रावधान किया है जिसे मैं आप की सुविधा के लिए पढ़कर सुनाना चाहता हूं, "जहां किसी विद्यमान पहुंच का अपयोजन किया जाता है, वहां उस के बदले में दी गई आनुकल्पक पहुंच विद्यमान पहुंच से अनुचित रूप से दूर नहीं होगी।" इस तरह से क्या आप बाइपास का आनुकल्प पूरा कर सकेंगे क्योंकि बाइपास पहुंच मार्ग से लंबा ही होगा

और यदि आप बाइपास को छोटा करने की कोशिश करेंगे तो ये कंडिका आप को रोक देगी। इसको आप छोटा नहीं कर सकेंगे, बाइपास जब भी आप बनाएंगे, तो वह लंबा ही बनने वाला है। इसलिए ऐसी परिस्थिति रहे कि वह ज्यादा लंबा न हो, यह तो मैंने माना, लेकिन 40-40, 30-30 किलोमीटर के बाइपास आप को बनाने पड़ेंगे क्योंकि अब शहरों के पुराने भूगोल सारे बदल गए हैं, बस्तियों के सारे हिसाब-किताब बदल गए हैं। इसलिए इस कंडिका पर आप फिर से विचार करें।

उपसभापति महोदया, यदि मैं विस्तार से इस विधेयक पर बात करता तो हो सकता था कि सदन कहता कि हम इसे लोक सभा पुनर्विचार के लिए भेज देते, लेकिन मैं यह जोखिम नहीं लेना चाहता। मंत्री महोदय, आप जैसा भी बिल लाए हैं, हम उस का समर्थन करते हैं, लेकिन इसमें अधिक-से-अधिक संशोधन की गुंजाइश है। इसलिए इस पर आप को बहुत अधिक सोचना चाहिए। आपके अधिकारियों को, जन-प्रतिनिधियों को और प्रदेश सरकारों के प्रतिनिधियों को बिठाकर आप नए सिरे से विचार करें और इसमें दूसरे संशोधन जोड़कर इसे पक्का समग्र बिल बनाकर देश पर लागू करें। फिलहाल इतने भर के लिए मैं आप को बधाई और धन्यवाद देता हूं। धन्यवाद।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at three minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch

at five minutes past two of the clock,

THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Further discussion on the Control of National Highways (Land and Traffic) Bill, 2002. Shri Kalraj Mishra.

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदया, मैं राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण (भूमि और यातायात) विधेयक 2002 के समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदया, माननीय मंत्री जी ने इस बिल को प्रस्तुत करते समय अपने प्रस्तावित भाषण में यह कहा था कि इस समय पूरे देश में एक सड़क क्रांति पैदा हो गई है यानी Road Revolution पैदा हो गई है। यह सही बात है कि जिस तरह से पूरे देश में सड़कों के निर्माण के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रयत्न किया जा रहा है और उसको बहुत गंभीरता से लेते हुए जिस तरह से उसे कार्यान्वित करने की कोशिश की जा रही है, उससे ये शब्द बिल्कुल चरितार्थ होते हैं कि पूरे देश में सड़क क्रांति पैदा हो गई है और विशेष कर राष्ट्रीय राजमार्गों के द्वारा देशभर में एक अच्छी स्थिति का निर्माण हुआ है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 44,000 किलोमीटर थी, अब प्रधानमंत्री जी की योजना के अनुसार चतुर्दिक यानी चारों तरफ उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक सड़क पूरे देश को जोड़े और देश की एकता को प्रस्तुत करे, यह जो प्रयत्न किया गया है, इसके अनुसार 14,000 किलोमीटर सड़कों के निर्माण की बात है, यह एक बहुत बड़ा प्रयास है। अगर हम पूरे देश में देखें तो 58,000 किलोमीटर से ज्यादा राष्ट्रीय राजमार्ग गत

तीन-चार वर्षों के अंदर निर्मित हुए हैं और निर्माण की प्रक्रिया में है। यह स्वयं में एक आदर्श है। इसके बावजूद अभी इसकी और आवश्यकता है।

महोदया, अब यह जो सड़क क्रांति हुई है, इसके दौरान अनेक प्रकार की कठिनाइयां भी आती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख स्थानों को हम जोड़ते हैं, गांवों को भी जोड़ते हैं। इस काम में राष्ट्रीय राजमार्ग अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके साथ ही यातायात के साधनों में तेजी के साथ बढ़ोत्तरी हुई है, हैवी व्हाइकल्स चलने शुरु हो गए हैं। इसलिए यह जो सड़क क्रांति हुई है, इसकी गुणवत्ता की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर गुणवत्ता अच्छी नहीं है तो सड़क क्रांति होने के पश्चात भी जिस तरह से यातायात में विस्तार हुआ है, हैवी व्हाइकल्स चलने शुरू हुए हैं; उसके कारण सड़कों की गुणवत्ता के अभाव में सड़कें टूट जाती हैं। उस ओर भी ध्यान दिया गया है।

महोदया, एक प्रश्न के उत्तर में माननीय मंत्री जी ने बताया था कि जो सड़क की गुणवत्ता है, वह हम रोड कांग्रेस के मानक के आधार पर तय करते हैं। रोड कांग्रेस के मानक के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग की जो गुणवत्ता सुनिश्चित की गई है, वह 75 से लेकर 100 सैंटीमीटर तक तय की गई है और उसी आधार पर गुणवत्ता मैंटेन करने की आवश्यकता है लेकिन बहुत से स्थानों पर अगर राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए, तो वह सही नहीं है।

महोदया, मैं कहना चाहूंगा कि अगर सड़कों को हम श्रेणियों में विभाजित करें तो हम देखेंगे कि राज्यों में हम सड़कों को तीन हिस्सों में विभाजित कर सकते हैं- एक तो ग्रामीण स्तर की सड़कें होती हैं। जिनको हम Other District Roads के नाम से जानते हैं, ये सड़कें सुनिश्चित मानक से कम के आधार पर आंकी जाती हैं। दूसरी तरह की सड़कें वे होती हैं जिनको हम जिले की सड़कें यानी Major District Roads कहते हैं, ये थोड़ी बड़ी सड़कें होती हैं। तीसरी सड़कें State Highways होती हैं जो एक तरह से National Highways को जोड़कर चलने में काफी सहयोगी होती हैं और एक तरह से ये State Highway राज्यीय राजमार्गों के रूप में अच्छा काम करती हैं और इनका भी एक सुनिश्चित मानक होता है। उसकी भी गुणवत्ता चाहिए। अगर वह ठीक से नहीं बन रहीं हैं तो कठिनाई आती है। भारी वाहनों के चलने के कारण यह सड़कें ध्वस्त होती हैं और इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सरकार ने इस दिशा में प्रयत्न किया है। लेकिन जिस तरीके से राष्ट्रीय राजमार्ग पूरे देश भर में आगे चला है इसमें अनेक प्रकार की कठिनाइयां भी सामने उभरकर आई हैं और वह कठिनाई विशेष रूप से क्योंकि सड़कें ऐसी हैं, सड़कों का निर्माण ऐसा है जिसमें आम सहभागिता भी बनती है, पब्लिक पार्टिसिपेशन भी बनता है और पीपुल पार्टिसिपेशन भी बनता है। पब्लिक पार्टिसिपेशन का तात्पर्य यह है कि अगर उस स्थान पर रहने वाला स्थानीय व्यक्ति जो सड़क वहां से जा रही है, उसके बारे में चिंता नहीं करेगा तो निश्चित रूप से सड़क ध्वस्त भी हो सकती है, सड़क पर अतिक्रमण भी हो सकता है, सड़क के ऊपर किसी प्रकार का निर्माण भी हो सकता है। इसका नतीजा यह होता है कि जिस यातायात की सुविधा के लिए सड़क का निर्माण व्यापक तौर पर कराया जा रहा है वह यातायात बाधित होता है और जब

यातायात बाधित होता है तो अनेक प्रकार की कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। इसलिए इस पर बहुत गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है । मैं समझता हूं कि राज्यों की दृष्टि से भी जिस गंभीरता के साथ इस पर विचार करना चाहिए, वह राज्यों के अंतर्गत भी नहीं हुआ है और यह पुराने कानून के आधार पर जो अतिक्रमण संबंधी कानून बने हुए हैं, उसी का उपयोग करते रहे हैं। सड़क के ऊपर जो अतिक्रमण हो रहा है, जो एन्क्रोचमेंट हो रहा है, उनको रोकने के लिए जिस तरीके से विचार होना चाहिए, वह विचार हुआ नहीं है। परिणाम यह हुआ है कि उसके अनुरूप जैसे कानून बनने चाहिएं वह कानून नहीं बन पाए और इसके कारण राज्यों में भी सड़कों पर काफी अतिक्रमण होता है, एन्क्रोचमेंट होता है और यातायात बाधित होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर अगर यातायात बाधित हुआ, एन्क्रोचमेंट हुआ, अतिक्रमण हुआ तो निश्चित रूप से बड़ा खतरनाक साबित होगा, इससे दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी और लोगों की सुरक्षा बाधित होगी। इस पर सरकार ने बड़ी गंभीरता पूर्वक विचार किया है। सरकार का ध्यान इस दिशा में गया है। सरकार को लगा कि इस प्रकार की जो दिक्कतें हैं जो इस प्रकार की कठिनाइयां हैं इनको रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए इसको बड़ा जघन्य अपराध मानते हुए सरकार ने इस दिशा में कानून बनाने का निर्णय लिया। यह जो आज का विधेयक है, यह विधेयक इसी संदर्भ में लाया गया है ताकि सड़कों पर जो किसी प्रकार से बाधा पैदा करने का प्रयत्न करेगा, उसका अतिक्रमण करने का प्रयत्न करेगा, एन्क्रोचमेंट करेगा तो इसके विरुद्ध कैसी कार्रवाई की जा सके इस दृष्टि से भी यह विधयेक लाया गया है। मैं यह कह सकता हूं कि पूरे विधेयक को पढ़ने के बाद यह विधेयक स्वयं में बड़ा पूर्ण है। इस विधेयक की पूर्णता इससे उजागर होती है कि सामान्य स्तर पर भी अगर कोई व्यक्ति कोई जानवर लेकर खड़ा भी हो जाता है,वहां बना रहता है तो इसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार का भी इसमें प्रावधान किया गया है। इसलिए हम कह सकते हैं कि जहां कोई अतिक्रमण सड़क के किनारे किया गया तो वह निर्माण कार्य करने वाले के ऊपर जहां कानूनी व्यवस्था की गई है, वहीं यातायात को बाधित करने का भी जो प्रयत्न कर रहे हैं,उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माननीया, यह सारी चीजें इस विधेयक के अन्तर्गत मौजूद हैं... (**समय की घंटी**)

और यह निश्चित रूप से इस विधेयक के पास हो जाने के पश्चात, एक ऐसी स्थिति बनेगी जिस तरीके से अबाध रूप से यातायात चालित है उस यातायात में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी और सुरक्षित होकर लोग सड़क मार्ग से चाहे सामान ले जाना हो या स्वयं जाना हो, जा सकेंगे। इसमें सारी चीजों की समुचित व्यवस्था की गई है अगर इसका खंड देखें तो सारे खंड में स्वयं यह दिखाई पड़ रहा है कि एक-एक बिन्दु पर, कौन-कौन से बिन्दु हैं जिसके आधार पर यातायात बाधित हो सकता है, उसका इसमें बाकायदा विवरण है लेकिन साथ ही साथ मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस ढंग से इस समय आबादी बढ़ रही है छोटे-छोटे कस्बे बड़े-बड़े हो रहे हैं, बड़े शहर और बड़े हो रहे हैं, टाउन एरिया नगरपालिका का स्वरूप धारण करती जा रही है, नगरपालिका महापालिका का स्वरूप धारण करती जा रही हैं लेकिन अभी भी राष्ट्रीय राजमार्ग उसी के बीच से जा रहा है, वह असुरक्षित है, उसमें काफी दुर्घटनाएं भी होती हैं और वहां यातायात बाधित होता है। आवश्यकता है ऐसे जहां अधिक आबादी वाले क्षेत्र हैं चाहे शहर हों, चाहे गांव हों, चाहे महापालिका हों वहां

बाइ-पास की निश्चित रूप से व्यवस्था करनी चाहिए इसमें किसी न किसी रूप से इसका प्रावधान इसलिए होना चाहिए क्योंकि उस बाइपास के न बनने के कारण भी यातायात बाधित होगा और अधिक दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि इस दिशा में माननीय मंत्री जी इस बात को सुनिश्चित करें कि एक सुनिश्चित आबादी के आधार पर जो भी कस्बे होंगे, जहां भी होंगे, वहां निश्चित रूप से इस प्रकार के बाइपास बनाने की व्यवस्था की जाएगी, चाहे वे निजी क्षेत्र के माध्यम से बनाएं या सरकारी तौर पर बनाएं, किन्तु जो भी प्रक्रिया है, उस प्रक्रिया के आधार पर बाइपास की व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है। इसी ढंग से ऊपरगामी सेतु यानी फ्लाई ओवर की भी जगह-जगह पर आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर तो कई स्थानों पर देखने को मिलता है कि रेल लाइन जा रही है किन्तु वहां भीड़ लगी हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग हमारे प्रदेश में भी कई स्थानों पर हैं, इटावा में, माननीय रमा शंकर कौशिक जी जानते हैं कि वहां इतनी लम्बी लाइन लग जाती है कि कोई जा ही नहीं सकता। ऐसे स्थानों को चिन्हित करके प्राथमिकता के आधार पर वहां फ्लाई ओवर्स बनाने की व्यवस्था की जाए। अगर आप यह सारी रचना, सारी व्यवस्था इस विधेयक के पास करने के साथ-साथ करने की कोशिश करेंगे तो मैं समझता हूं कि जो रोड रैवोल्यूशन की बात हमने कही है, निश्चित रूप से वह अपना स्वरूप धारण कर सकेगा और लोग यह महसूस करेंगे कि हम बाकी के देशों की तुलना में एक अच्छी स्थिति का निर्माण कर रहे हैं। जहां तक हमारे बैरागी जी ने ठेकेदारों की बात की, टोल टैक्स की बात की, ब्रिजिज की बात की, बहुत सारे ऐसे स्थान हैं जहां सड़क जा रही है लेकिन ब्रिज के कमजोर होने के कारण वहां रुकना पड़ता है और फिर एक-एक करके वाहन को पास करते हैं। ऐसे बहुत सारे स्थान हैं। ऐसे स्थानों की समुचित मानिटरिंग करके कहां-कहां पर ऐसा हो सकता है, उन्हें ठीक करने का प्रयत्न करना चाहिए। ब्रिजिज का निर्माण फ्लाई ओवर्स की व्यवस्था और टोल की व्यवस्था प्रति किलोमीटर जो वर्तमान में है, उसको फिर से रिवाइज करना चाहिए और रिवाइज करते हुए सड़क की गुणवत्ता के आधार पर उस टोल को तय करना चाहिए। गुणवत्ता का आधार मैंने इसलिए कहा कि अगर 75 सैंटीमीटर उसकी मोटाई है या अगर सौ सैंटीमीटर होती है, डेढ़ सौ सैंटीमीटर होती है, हैवी वैहीकल्स के आधार पर जैसे भी सड़क के यातायात की स्थिति है, उसको ध्यान में रखते हुए उसके टोल भी सुनिश्चित करने की व्यवस्था करें जिससे आमदनी में भी बढ़ोत्तरी होगी और ढंग से हम इस साधन को व्यापक स्वरूप प्रदान कर सकेंगे। महोदया एक-दो सुझाव देते हुए और इस बिल को पूरा देखने के पश्चात् यह अनुभव करते हुए कि स्वयं में यह पूर्ण है मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और सदन के सभी सम्मानित सदस्यों से आग्रह करता हूं कि इसको पूर्ण समर्थन प्रदान करें। धन्यवाद।

THE DEPUTY CHAIRMAN: hon'ble Members, now, I have to make some announcement for the consideration of the House. Of course, we have two hours for this legislation. But then, we also have a Short Duration discussion on the Mid-Year Review. In between at 5 o'clock, the hon. Prime Minister is going to make a statement on relief to drought affected States. So, I would plead with the Members, that regardless of whatever time their parties have got, if they concentrate on the points as to why

they agree with this Bill, and why they do not agree with this Bill and what should have been there in the Bill, we will be able to finish the business. With this request, I call Mr. Ravula Chandra Sekar Reddy of the TDP. Mr. Reddy, you have six minutes. But you can take three minutes. No problem.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: (Andhra Pradesh) Madam, I requested you to allot me nine minutes, time.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No. I can't because we have a problem.

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Madam, we know that you are very magnanimous towards the back benchers. We are aware of this fact.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know that I am magnanimous towards the back-benchers. But my back is not strong at this moment. Madam, I would like to compliment the hon. Minister for brining out such a good legislation. The Government of India is contemplating to spend about Rs. 60,000 crores on the development of roads, which includes the Golden Quadrilateral Project, the North-South Corridor, the East-West Corridor and the Prime Minister's Grameen Sadak Yojana, etc. This Bill is intended to develop the roads, remove encroachments, unauthorizied occupations/ constructions and removal of obstructions on the National Highways, Madam, already, we have the National Highways Act, which is meant for the conversion of State Highways into National Highways and its maintenance. We have another Act, called the National Hihgways Act, 1980. I hope and believe that this Bill will improve the condition of the roads and will strengthen the administration in maintaining the roads. Now we will have to concentrate more on the removal of encroachments. The Government of India is receiving loans from the World Bank and the Asian Development Bank and are creating a central fund, by way of imposing a cess on petrol, diesel, which comes to about Rs. 20,000 crores. We have to concentrate further on providing service routes along the National Highways. According to the Government guidelines, no slow-moving vehicle should cross the National Highways or pass on the National Highways. It is noteworthy to mention here that most of the rural people are unaware of traffic rules. As such, in the absence of service routes, the chances of accidents will be more and hence service routes are a must, alongside the National Highways, for the benefit of the rural poor and illiterate people. Apart from this, the delay in the completion of roads will escalate the cost of the projects. The delay is due to two or three reasons; either due to lack of coordination and cooperation between the Central Government and the State Government, or due to lack of coordination

and cooperation among the Government of India organizations themselves. This should be taken care of so that we can contain the escalation of the cost of the projects. Otherewise, the cost of the projects will go up, and the time taken for the completion of the projects will also be much longer. Sir, the hon. Minister is aware that 'Land' is a State subject. Now we are bringing out a legislation and thereby, trying to encroach into State-owned lands also. I would like to know from the hon. Minister whether the Union Government had solicited the opinion of the State Governments while formulating the legislation. Apart from this, Madam, I would request the Government of India to ensure medical facilities on the National Highways to save lives in case of accidents; rehabilitation should be provided, without wasting time. This is a very vital point, which should be taken care of. I would like to request the hon. Minister to have discussions with the concerned Ministries and also with experts to have full-fledged hospitals, with adequate manpower and all medical facilities. We have to provide modern equipment to clear the sick vehicles, remove the failed vehicles or vehicles which have met with accidents, immediately, so as to clear the traffic; otherwise, this will create problems to the other vehicles also. The date of accidents is available; if one looks at the data, about 70,000 people die every year because of these accidents. In our State, we have the National Highway No. 7, from Hyderabad to Kurnool, which stretches to about 210 kilometres. Every year, many accidents take place. For instance, if we look at the data, we find that about 1400 people died, 5000 people were injured, on NH-7 in the past three years. In the year 2000, 960 accidents occurred, in which 430 people died and 1800 people were injured. In the year 2001, about 493 accidents took place, in which 566 people died and 1170 people were injured. In the year 2002, by the end of November, 363 accidents took place, in which 406 people died on the spot. I recollect an incident that took place in 1994 - an RTC bus fell from the National Highway bridge into the Krishna river, in which 37 people died. In the year 1997, at the same bridge, another RTC bus fell into the river and 44 people died in that accident. This is a staggering figure. People are afraid of travelling on National Highway No. 7, which is part of the North-South Corridor. So, I would request the hon. Minister to get the programme of development of that road expedited, because people are scared to drive on that road. Apart from this, without wasting time, we must save the lives of the people who are injured in accidents. I would request the hon. Minister to see that modern equipment is provided so as to clear the traffic quickly in such cases. Vehicles with wireless sets and other modern equipment should be provided to the police to save the lives

of the people and to clear the traffic. People travel during the late night, not knowing about a vehicle involved in an accident already. As a result of such lack of knowledge, a number of accidents are occurring.

THE DEPUTY CHAIRMAN: In fact, what he is saying is true. Even if somebody is very seriously injured, until and unless the police comes and makes a 'panchnama' of the accident, the doctor cannot check that person. This is a lacuna. It has to be, somehow, rectified.

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI: I understand the whole thing, Madam, but the problem is that this is, basically, a State subject. We can only advise them. We are having a lot of interaction with the people concerned. As regards the law and order, we can only advise them. So far as any activity on the road, or even on the national highway, is concerned, that limitation is there. But we are, certainly, aware of it, and we are, certainly, trying various methods to minimise the accidents.

THE DEPUTY CHAIRMAN: One big country is divided into various States for the sake of ruling and making adjustments. I think, you, as a Minister, would be linking it, not delinking it. You should be able to solve the problem because it is for everybody who is travelling there.

SHRI B.P. SINGHAL (Uttar Pradesh): Madam, I want to explain this point.

